International Data Management Ltd.
CIN: L72300DL1977PLC008782
Registered Office : 806, Siddhartha, 96, Nehru Place, New Delhi - 110019,
Tel. : 011-26444812
www.idmlimited.in

July 31, 2020

BSE Limited
Phirojze Jeejeebhoy Towers
27th Floor, Dalal Street
Mumbai – 400001

Sub.: Publication of schedule of Board Meeting in news papers

Dear Sirs,

Further to our letter dated July 30, 2020 please find appended herewith Newspaper cuttings in respect of publication of schedule of Board Meeting to be held on August 10, 2020 to consider Un-Audited Financial Results for the quarter ended June 30, 2020. The aforesaid notice of the Board Meeting was published July 31, 2020 in the Veer Arjun – Delhi edition (in Hindi Version) and in the Financial Express – Delhi edition (in English Version).

Thanking You
For **International Data Management Limited**

JASBIR SINGH MARJARA
Digitally signed by JASBIR SINGH MARJARA
Date: 2020.07.31 17:05:38 +05'30'

Jasbir Singh Marjara
Company Secretary
ACS41879

पांडव नगर पुलिस ने पकड़े दो लुटेरे

वीर अर्जुन संवाददाता

नई दिल्ली। पूर्वी जिले की थाना पांडव नगर पुलिस ने मोबाइल और बाइक लूटने वाले दो युवकों को अरेस्ट किया है। इनकी पहचान शशि गार्डन निवासी शहजाद उर्फ आजाद और मोमिन उर्फ मोबिन के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से लूटी हुई बाइक बरामद की है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 25 जुलाई 2020 को एक बाइक व मोबाइल लूटने की जानकारी मिली थी। जब एसआई नीरज कुमार संजय झील के सामने नेशनल हाइवे-24 पर बने अंडरपास के नीचे पहुंचे तो वहां मौजूद शिकायतकर्ता ने बताया कि वह मयूर विहार अपने घर जा रहा था। तभी उसके मोबाइल पर एक फोन आया। जब वह यहां रुक कर मोबाइल पर बात कर रहा था तभी पीछे से दो युवक वहां आए और उनमें से एक ने उसका गला पकड़कर दबा दिया। इसके बाद उन्होंने उसकी बाइक व मोबाइल लूट लिया और वहां से भाग गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी मयूर विहार डॉ. सचिन कुमार सिंघल के सुपरविजन और इंस्पेक्टर एटीओ रणवीर सिंह के नेतृत्व में एसआई नीरज कुमार, एएसआई राम नरेश कांस्टेबल अनिल, विक्रम और मोनू की एक टीम गठित की गई जिसने आरोपियों के बारे में जानकारियां जुटानी शुरू कर दीं। इसी बीच पुलिस टीम को पता चला कि इस मामले में शशि गार्डन में रहने वाले शहजाद और मोमिन का हाथ है। यह जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी उनके घर के आसपास तैनात कर दिए और जैसे ही शहजाद घर आया उसे अरेस्ट कर लिया। पुलिस ने उसके पास से लूटी गई बाइक भी बरामद कर ली। इसके बाद पुलिस ने दूसरे आरोपी मोमिन को भी अरेस्ट कर लिया।

प्रीत विहार पुलिस ने पकड़ा वाहन चोर

वीर अर्जुन संवाददाता

नई दिल्ली। पूर्वी जिले की थाना प्रीत विहार पुलिस ने एक वाहन चोर को अरेस्ट किया है। इसकी पहचान सोनिया विहार निवासी अंकुर के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके पास से चोरी की स्कार्पियो और उसकी चाबी बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 मार्च 2020 को प्रीत विहार के सी ब्लॉक की पार्किंग से एक स्कार्पियो कार चोरी हो गई थी। वैशाली में रहने वाले शिकायतकर्ता पंकज कुमार ने बताया कि वह प्रीत विहार सी ब्लॉक में सैकेंड हैंड कारों के खरीदने बेचने का कारोबार करते हैं। उन्होंने यह स्कार्पियो अगस्त 2019 में खरीदी थी और बेचने के इरादे से वहां की पार्किंग में खड़ी कर दी थी। आरोपी को पकड़ने के लिए एसीपी प्रीत विहार विरेन्द्र कुमार के सुपरविजन और एसएचओ प्रीत विहार महेन्द्र के. मिश्रा के नेतृत्व में एसआई अबोध शर्मा हैड कांस्टेबल ओम सिंह कांस्टेबल राजीव तोमर और कपिल की टीम बनाई जिसने सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपी को अरेस्ट कर लिया।

पेटीएम कर्मचारी बनकर एक लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार

नई दिल्ली, (वीअ)। सूरत से आये एक व्यक्ति को कथित तौर पर पेटीएम के कर्मचारी के रूप में दिल्ली सरकार के एक सेवानिवृत्त कर्मचारी को एक लाख रुपये का चूना लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि 32 वर्षीय अब्दुर्रहमान ने सरकारी स्कूल के पूर्व उप प्रधानाचार्य एम एस सिद्दीक (70) को पिछले साल ठगा था। सिद्दीक के अनुसार उन्हें 14 नवंबर 2019 को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया था और उसने खुद को पेटीएम का एक अधिकारी बताया था।

आरोपी ने इसके बाद सिद्दीक से एक ऐप डाउनलोड करने को कहा ताकि पेटीएम का के वाई सी (ग्राहक को जानिए) पूरा किया जा सके।

इसके बाद आरोपी ने सिद्दीक से उनकी डेबिट कार्ड की संख्या और सीवीवी पूछा।

कुछ ही मिनटों में सिद्दीक के पेंशन खाते से एक लाख रुपये निकल गए। जामिया नगर पुलिस थाने में इस संबंध में मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पूर्व) आर पी मीणा ने कहा कि जांच के दौरान बैंक और पेटीएम खाते का विवरण और आईपी एड्रेस पता चला।

उन्होंने कहा, हमारे दल ने आरोपी का पता लगाया और इसके बाद उसके सूरत स्थित घर में पुलिस के एक दल को भेजा गया। वहां से उसे 27 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया गया।

डीसीपी ने कहा कि गिरफ्तारी के एक दिन बाद आरोपी के एक रिश्तेदार ने धोखे से चुराए गए पूरे एक लाख पांच हजार रुपये शिकायतकर्ता के खाते में जमा करा दिए। पूछताछ में पता चला कि रहमान दो साल पहले ताहिर नामक व्यक्ति के संपर्क में आया था और दोनों लोगों को ऑनलाइन माध्यम से ठगने का काम करते थे। पुलिस ने कहा कि ताहिर की तलाश की जा रही है।

गौतम बुद्धनगर में 15 वर्षीय किशोरी से बलात्कार

नोएडा, (वीअ)। उत्तर प्रदेश के जिला गौतम बुद्ध नगर में थाना दादरी क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय किशोरी के साथ गांव के ही एक युवक ने बलात्कार किया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) राजेश कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि थाना दादरी क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 15 वर्षीय एक किशोरी कल खेत में शौच करने गई थी। तभी गांव के ही सुमित नामक युवक ने उसके साथ वहां बलात्कार किया।

बच्चे के अपहरण मामले में उसके चचेरे भाई सहित दो गिरफ्तार

नोएडा (उत्तर प्रदेश), (वीअ)। गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने 28 जुलाई को हुई दो साल के बच्चे की अपहरण की घटना के सिलसिले में उसके चचेरे भाई सहित दो लोग को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस आयुक्त श्रीपर्णा गांगुली ने बृहस्पतिवार को बताया कि सर्फाबाद गांव निवासी संदीप यादव के दो साल के बेटे अद्विक यादव का 28 जुलाई को कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया था।उन्होंने बताया कि इस संबंध में सूचना मिलते ही थाना सेक्टर 49 पुलिस ने त्वरित कार्वाई करते हुए चार घंटे के भीतर अद्विक को सेक्टर 51 मेट्रो स्टेशन से बरामद कर लिया था। गांगुली ने बताया कि मामले की जांच के दौरान आज अद्विक के चचेरे भाई पीयूष यादव और उसके साथी जुबेर को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस घटना में शामिल मुकुल राणा नामक बदमाश अभी फरार है और पुलिस उसे तलाश रही है।एसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला कि पीयूष ने ही अपने चचेरे भाई अद्विक के अपहरण की योजना बनाई और अपने साथियों जुबैर और राणा के साथ मिलकर 28 जुलाई को उसका अपहरण कर लिया। तीनों ने मिलकर नोएडा के सेक्टर 45 निवासी अपने दोस्त सूर्या के घर पर उसे रखा और फोन करके संदीप यादव से फिरौती की रकम मांगी।

अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान पीयूष और जुबैर ने बताया कि उन्होंने यह अपहरण फिरौती के लिए किया था।

फरीदाबाद में कोरोना वायरस से दो लोगों की मौत, संक्रमण के 184 नए मामले

फरीदाबाद, (वीअ)। हरियाणा के फरीदाबाद जिले में बृहस्पतिवार को कोरोना वायरस के चलते जहां दो लोगों की मौत हो गई, वहीं संक्रमण के 184 नए मामले सामने आए। हालांकि राहत की बात यह है कि पिछले 24 घण्टों में रिकॉर्ड 394 मरीज ठीक होकर अपने घरों को लौटे। उप सिविल सर्जन डॉक्टर रामभगत ने बताया कि आज कोरोना वायरस से मरने वालों में फरीदाबाद की डबुआ कालोनी निवासी 68 एक वर्षीय व्यक्ति तथा बल्लभगढ़ निवासी 54 वर्षीय एक व्यक्ति शामिल है। जिले में अब तक वायरस के चलते 130 लोगों की मौत हो चुकी है।रामभगत ने बताया कि जिले में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 184 नए मामले सामने आए जिससे अब संक्रमितों मरीजों की कुल संख्या 8,479 हो गई है।

बंदूक के बल पर बंधक बनाकर लाखों की लूटपाट करने के मामले में तीन गिरफ्तार

वीर अर्जुन संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में घर में घुस कर कथित तौर पर लाखों रुपये की नकदी और जेवरात लूटने के मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।पुलिस ने कहा कि घर में घुसे लुटेरों ने मकान मालिक और उनकी 63 वर्षीय मां को बंदूक के बल पर बंधक बनाकर वारदात को अंजाम दिया था।मामले में पुलिस ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नेहरू विहार निवासी मोहम्मद चांद (30) और उसके साथियों उत्तर प्रदेश के लोनी निवासी जावेद (31) और सलीम (19) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटे गए 3.77 लाख रुपये नकद, चांदी के सिक्के और लूट के पैसे से खरीदा गया एक मोबाइल फोन बरामद करने का दावा किया है।पुलिस के मुताबिक, चांद पीडति परिवार का परिचित था और उसे घर में रखी नकदी और जेवरात के बारे में जानकारी थी। उसने पीडति से 10 लाख रुपये से अधिक का कर्ज लिया हुआ था और उस पर पैसे लौटाने को लेकर लगातार दबाव बनाया जा रहा था।उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में कार्यरत सुनील शर्मा (39) के घर में पांच लोग उस समय घुस गए जब वह और उनकी मां अकेले थे।बदमाशों ने सुनील और उनकी मां को बंदूक के बल पर बंधक बना लिया और घर से करीब 14.25 लाख रुपये नकद, करीब 400 ग्राम सोना, 500 ग्राम चांदी के जेवर और एक मोबाइल फोन लूट लिया।पुलिस उपायुक्त (अपराध) राकेश पवेरिया ने कहा कि पुलिस ने मौके से सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल खंगालने के बाद संदिग्धों को पकड़ने के लिए हापुड़ और लोनी में छापेमारी की।

उन्होंने कहा, हमें आज (बृहस्पतिवार) सूचना मिली कि आरोपी लूटी गई रकम के साथ चांद बाग इलाके में एकत्र होंगे और इसके बाद उत्तर प्रदेश फरार हो जाएंगे। हमारी टीम ने वजीराबाद रोड के पास चांद बाग में जाल बिछाया और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

रात में घर का दरवाजा तोड़कर क्लीनिक संचालक पर हमला

फरीदाबाद, (वीअ)। गांव राजपुर कलां में रात को पांच.छह व्यक्ति दरवाजा तोड़कर क्लीनिक संचालक (रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टिशनर) के घर में घुस गए। छत पर सो रहे संचालक पर लाठी व राड से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। आरोप है कि हमलावर 90 हजार रुपये भी लूटकर ले गए। भूपानी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मुकदमे में एससी/एसटी एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गई हैं। गांव में ही क्लीनिक चलाने वाले राजवीर सिंह ने पुलिस को बताया है कि छह-सात महीने पहले उसके गांव निवासी संदीप कहीं से झगड़े में लगी चोटों का इलाज कराने उसके पास आया था। राजवीर ने इलाज के पैसे मांगे तो संदीप ने उससे झगड़ा कर लिया। गांव के मौजिज लोगों ने राजीनामा करा दिया। राजवीर का आरोप है कि उसी दिन से संदीप उससे रंजिश रखे हुए था। बुधवार रात संदीप अपने साथ जतिन व तीन-चार अन्य व्यक्तियों को लेकर आया। राजवीर परिवार सहित छत पर सोया हुआ था। हमलावरों ने उसके घर का दरवाजा तोड़ दिया। अंदर घुस गए। छत पर गिराकर राजवीर को लाठी व राड से बुरी तरह पीटा। शोर सुनकर पड़ोसी जाग गए और वे उसके घर की तरप दौड़े। राजवीर का आरोप है कि हमलावर उसके गले से सोने की चेन व जेब में रखे मित्र कमेटी के 90 हजार रुपये लूटकर ले गए। जाते हुए जान से मारने की धमकी दी। राजवीर के पैरों, हाथ व सीने में चोट आई हैं। भूपानी थाना पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

भारती हत्याकांड: तीन आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद, (वीअ)। क्राइम ब्रांच डीएलएप ने भारती हत्याकांड के तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने तीनों का मेडिकल कराकर अस्पताल में पेश करेगी। पुलिस प्रवक्ता एवं एसीपी श्रीमती धारणा यादव ने आज जानकारी देते हुए विगत 25-26 जुलाई की रात को भारती की तेजधार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी थी। जिस पर आरोपियों के खिलाप थाना आदर्श नगर में हत्या का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने फतेहपुर बिल्लौच के रहने वाले सागर, अमित और रिंकू को गिरफ्तार किया है। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि सागर का भाई पवन नीमका जेल में बंद है जिसके खिलाप काफी अपराधिक मामले दर्ज हैं, पवन की दोस्ती मृतका भारती से हुई थी जो उससे शादी करना चाहती थी और पवन का जेल में बंद होने के बाद पवन के भाई सागर से दोस्ती हो गई जो कुछ समय पहले मृतका ने सागर से नाता तोड़ कर किसी और शादी कर ली। जिसका बदला लेने के लिए सागर ने अपने साथी अमित उर्प गठ्ठा व रिंकू के साथ मिलकर रात को घर में घुसकर इस घटनाक्रम को अंजाम दिया। वारदात वाले दिन मोटरसाइकिल लेकर बाहर खड़ा था और अमित और सागर दोनों पड़ोसियों की छत से घर के अंदर पहुंचे थे। सागर ने तेजधार हथियार से भारती का गला रेत कर हत्या कर दी थी। रिंकू स्नेचिंग के मुकदमे में 5 साल की सजा हुई थी जो आरोपी को कोरोना काल में जेल से छोड़ा गया था।

कपड़ा व्यापारी फिरौती मामला: गिरफ्तार आरोपियों ने तीन और वारदातें कबूली

फरीदाबाद, (वीअ)। कपड़ा व्यापारी को बंधक बनाकर 50 लाख की फिरौती मांगने वाले आरोपियों ने रिमाण्ड के दौरान तीन और वारदात करने का खुलासा किया है। गौरतलब है कि थाना सूरजकुंड पुलिस ने 50 लाख की फिरौती मांगने वाले महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई जिस पर आरोपियों ने बताया कि उन्होंने मारपीट और लूट की दो वारदात गाजियाबाद निवासी व्यक्तियों से और एक वारदात दिल्ली निवासी से की है। आरोपी वारदात मे मारपीट और लूट करते थे। मारपीट और लूट के दौरान अपने फोन में वीडियो भी बनाते थे। जो आरोपियों के फोन से इस तरह की वीडियो भी बरामद हुई है। फरीदाबाद में की गई वारदात के बारे में बताते हुए कहा कि उनके साथ पलवल के रहने वाले दो आरोपी बब्बू और सहदेव शामिल थे। आरोपी सहदेव और बब्बू को जल्दी गिरफ्तार कर सलाखों के पास पहुंचाया जाएगा। रिमांड के दौरान आरोपियों से एक अवैध देसी कट्टा 315 बोर एक हॉकी बरामद की गई है। आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

पुलिस ने हमले के 25 दिन बाद दर्ज किया मुकदमा

फरीदाबाद, (वीअ)। पुलिस आयुक्त ओपी सिंह का लगातार प्रयास है कि पुलिस और जनता में बेहतर संबंध बनेए लेकिन उनके मातहत ही उनके प्रयासों पर पानी फेर रहे हैं। ताजा मामला गांव फतेहपुर बिल्लौच का है। यहां एक दंपती पर पांच जुलाई को हुए हमले के मामले को पुलिस ने 25 दिन बाद दर्ज किया है। वह भी तब, जब पीड़ित परिवार ने न्याय न मिलने पर आत्महत्या करने की चेतावनी दी।

गांव फतेहपुर बिल्लौच के रहने वाले विकास कुमार की पत्नी सुशीला देवी ने थाना सदर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पांच जुलाई को वे अपने मकान की मरम्मत करा रहे थे। आरोप है कि करीब 11 बजे दिन में कुछ लोग घर में घुसे और उनसे मारपीट की। इस बीच उनके पति आ गए। हमलावरों ने उन्हें भी चोट पहुंचाई। पुलिस कंट्रोल रूम 100 नंबर पर फोन किया, पर शिकायत के काफी समय तक पुलिस भी नहीं पहुंची। हमलावरों के खिलाप 22 मई, 27 मई, 24 जून, 2020 को सदर थाना पुलिस व डीसीपी कार्यालय में ईमेल से शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित परिवार ने कहा कि वह इन हमलावरों से तंग आ चुके है। अब पुलिस ने हेमंत, भीम सिंह, हरिओम, खिल्लु, मोढा, रोहित, दीपक, चंद्रप्रकाश व अन्य 15-20 आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

क्या कहते है थाना प्रभारी : थाना सदर बल्लभगढ़ के प्रभारी नरेन्द्र सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता ने पहले महिला थाने में शिकायत दी थी। महिला थाना पुलिस ने मामले की जांच की। अब शिकायत उन्हें मिली है।

डीएवी शताब्दी कॉलेज में राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन

वीर अर्जुन संवाददाता

फरीदाबाद। वैश्वीकरण के इस युग में समाज में स्त्री और पुरुष दोनों के अस्तित्व को समान महत्व प्रदान किया गया है परंतु विकास के इस दौर में भी समाज में कुछ कोने ऐसे भी हैं जहां आज भी लिंग भेद की चर्चा विद्यमान है द्य इस बदलते हुए समय में स्त्री सशक्तिकरण और लिंग संवेदीकरण की मांग और उससे जुड़ी समस्याओं पर दृष्टि डालने के लिए डीएवी शताब्दी कॉलेज परीदाबाद में राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया द्य इस वेबिनार में डीएवीसीएमसी नई दिल्ली के प्रेसिडेंट पद्मश्री डॉ पूनम सूरी जी मुख्य संरक्षक थे। बतौर मुख्य अतिथि भूत पूर्व आईएएस और डीएवीसीएमसी नई दिल्ली के उच्च शिक्षा निदेशक शिव रमन गौड़ उपस्थित रहे। इस वेबिनार में मुख्य वक्ता सीएसआईआर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑप साइंस टेक्नोलॉजी एंड डेवलपमेंट स्टडीज नई दिल्ली की निर्देशिका डॉ रंजना अग्रवाल थी। सर्वप्रथम कॉलेज की प्राचार्या डॉ सविता भगत ने मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के व्यक्तित्व से सभी को परिचय कराते हुए उनका हार्दिक अभिनंदन किया। डॉ भगत ने वर्तमान में नारी सशक्तिकरण का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि कोविड.19 की मार से केवल उन्हीं देशों को शीघ्र मुक्ति मिली है जिन देशों की सत्ता की बागडोर महिलाओं के हाथ में थी। उन्होंने आजकल के समय के सर्वाधिक मांग घर पर रहें सुरक्षित रहें पर टिप्पणी करते हुए अत्यंत दुख व्यक्त किया और कहा कि आज भी समाज में कुछ वहशी दरिंदे लोग ऐसे हैं जिनके कारण स्त्रियां अपने ही घर में सुरक्षित नहीं है। इसलिए हर क्षेत्र में और हर स्तर पर महिलाओं को और अधिक सजग और सचेत रहने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि शिव रमन गौर ने नारी सशक्तिकरण की परिभाषा बताते हुए कहा कहा कि प्रत्येक स्त्री को अपने निर्णय स्वयं लेने की अनुमति मिलनी चाहिए और ऐसा केवल तभी संभव होगा जब स्त्रियां साक्षर हो।

उन्होंने बताया कि निसंदेह आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं परंतु आज भी ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करती हैद्य वास्तव में समाज के विकास की अनुभूति का विश्लेषण स्त्री पुरुष को समान अधिकार दिए बिना संभव नहीं है।

नारी सशक्तिकरण और लिंग संवेदीकरण पर डीएवी शताब्दी कॉलेज में राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लेती वक्ता गण।

कोरोना योद्धाओं की सेवा में जुटे पर्यटन कर्मियों को तीन माह से नहीं मिला वेतन

वीर अर्जुन संवाददाता

फरीदाबाद। कोरोना योद्धाओं की सेवा में जुटे हरियाणा पर्यटन निगम के कर्मचारियों को तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। जिसके कारण कर्मचारियों के सामने भारी आर्थिक संकट पैदा हो गया है। बहन भाई के पवित्र बंधन का प्रतिक रक्षा बंधन को नहीं मना पाएंगे। टूरिज्म कर्मचारियों को अब दुकानदारों ने राशन उधार में देना भी बंद कर दिया है। मजेदार बात यह है कि हरियाणा पर्यटन निगम के चण्डीगढ स्थित मुख्यालय में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को हर महीने बिल्कुल सही समय पर वेतन दिया जा रहा है। जिसको लेकर हरियाणा टूरिज्म कर्मचारी संघ सम्बंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य कोर कमेटी की बैठक राज्य प्रधान मित्रपाल राणा की अध्यक्षता में मैगपाई पर्यटन स्थल फरीदाबाद में आयोजित की जिसमें टूरिज्म निगम कर्मचारियों को अप्रैल माह के बाद वेतन न देने की घोर निन्दा करते हुए सरकार से बिना ओर देर करें कर्मचारियों को मई, जून व जुलाई का बकाया वेतन का भुगतान करने की मांग की। उन्होंने दो टुक शब्दों में कहा कि इसी सप्ताह में वेतन का भुगतान नहीं किया तो कर्मचारी के पास आन्दोलन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि कितने आश्चर्य की बात है कि अपनी जान जोखिम में डालकर दिन रात कोरोना योद्धाओं डाक्टरों नर्सों पैरामेडिकल स्टॉप की देखभाल में लगे हुए इन कर्मचारियों को करीब तीन महीने से वेतन नहीं मिल रहा है और दूसरी तरप निगम मुख्यालय में बैठे अधिकारी और कर्मचारी समय पर वेतन पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा टूरिज्म कर्मचारी संघ सम्बंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा को यह परेशानी नहीं है कि उन्हें समय पर वेतन क्यों मिल रहा हैएबल्कि हमें परेशानी यह है कि एक हांडी में दो पेट क्यों है। फिल्ड व मुख्यालय के कर्मचारियों के वेतन में एक समानता क्यों नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले में हस्तक्षेप करते हुए इस भेदभाव पूर्ण व्यवहार की जांच कराने और तीन महीने के बकाया वेतन का एकमुश्त भुगतान कराने की मांग की ।

आईपा ने नई शिक्षा नीति में बताई खामियां

वीर अर्जुन संवाददाता

फरीदाबाद। ऑल इंडिया पेरेंट्स एसोसिएशन आईपा ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा लाई जा रही नई शिक्षा नीति में शिक्षा के व्यवसायीकरण पर रोक लगाने का कोई प्रावधान नहीं रखा गया है उल्टा आगे पीपीपी मोड़ पर कॉलेज व स्कूल खोलने के लिए पूजीपतियों को निवेश करने की छूट दी जा रही है इससे लूट और मनमानी और बढ़ जाएगी। अभी तक जिन कॉलेज व स्कूलों को मान्यता के साथ-साथ, सरकारी अनुदान दिया जा रहा था उसे बंद करके ऐसे स्कूलों के प्रबंधकों से अपने संसाधनों से स्कूल की आमदनी जुटाने की व्यवस्था करने के लिए कहा जा रहा है। कुल मिलाकर के शिक्षा को पूरी तरह से बाजार के हवाले किया जा रहा है। नई शिक्षा नीति में सरकारी शिक्षा का स्तर सुधारने, सरकारी कालेज व स्कूलों में गुणात्मक और व्यापक सुधार करने, सरकारी शिक्षकों की निर्धारित वेतनमान देने उनकी सर्विस की सुरक्षा की गारंटी देने आदि की कोई बात नहीं की गई है। आईपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल एडवोकेट व राष्ट्रीय महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि नई शिक्षा नीति में कई खामियां हैं जिनका अध्ययन किया जा रहा है और इस बारे में प्रधानमंत्री व केंद्रीय शिक्षा मंत्री को लिखा जाएगा। कैलाश शर्मा ने कहा है कि आइपा की ओर से सरकारी व प्राइवेट शिक्षा में सुधार के बारे में जो एक ग्यारह सूत्री मांगपत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजा गया है उसमें से एक भी मांग व बात को शिक्षा नीति में शामिल नहीं किया गया है। नई शिक्षा नीति में सभी वर्गो और उनकी जरूरतों का ध्यान में नहीं रखा गया है। देश की बड़ी आबादी अब भी शिक्षा के लिए सरकारी कॉलेज व स्कूलों पर निर्भर है। लेकिन इनमें सुधार की कोई भी बात नहीं की गई है। अब बात रह रही है कि शिक्षा में गैर सरकारी संस्थाओं एनजीओए औद्योगिक घरानों की भागीदारी बढ़ाई जाए जो सबसे बड़ी चिंता की बात है। शिक्षा नीति में यह तो कहा गया है कि प्राइवेट शिक्षण संस्थान अपने आय व्यय को पब्लिक डोमिनी में डालेंगे लेकिन उनके खातों की सीएजी या अन्य सरकारी ऑडिट कंपनी से जांच व ऑडिट कराने की कोई बात नहीं की गई है। प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट को कितनी वैधानिक फीस किन-किन फंडों में लेनी है और आमदनी को किन किन मदों में खर्च करना है इसका भी कोई जिक्र नहीं है। शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों का शोषण रोकने व समान काम के लिए समान वेतन के बारे में कुछ भी नहीं है। निजी कालेज व स्कूलों की फीस पर प्रभारी अंकुश लगाने की कोई व्यवस्था नहीं है। शिक्षा का अधिकार आरटीआई कानून का दायरा 12 वीं तक करनेए और इसमें अल्पसंख्यक स्कूलों को भी शामिल करने का भी कोई जिक्र नहीं किया गया है, शिक्षा नीति में स्कूल बैग का वजन कम करना एक अच्छी बात है लेकिन 2019 में भी केंद्र सरकार ने सभी कक्षाओं के बच्चों के बस्ते का वजन निर्धारित किया था उसका पालन स्कूल प्रबंधकों ने नहीं किया। इस शिक्षा नीति में इसका पालन न करने वाले स्कूलों के खिलाप क्या कार्यवाई की जाएगी इसका कोई जिक्र नहीं है।

कैलाश शर्मा का कहना है कि नई शिक्षा नीति को देशभर में इसी स्वरूप के साथ लागू किया गया तो बच्चों की शिक्षा खराब से बुरी स्थिति में चली जाएगी और बच्चों को सरकारी शिक्षा नीति से कोई लाभ नहीं मिलने वाला है।

हत्या का मामला दर्ज न होने पर लोगों ने किया पुलिस आयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन

नोएडा, (वीअ)। उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले में पुलिस द्वारा हत्या का मामला दर्ज न किए जाने पर दुजाना गांव के सैकड़ों लोगों ने बृहस्पतिवार को यहां सेक्टर 108 स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में, पुलिस आयुक्त के आदेश पर इस मामले में चार लोगों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) हरीश चंदर ने बताया कि 24 जुलाई की रात को कल्दा गांव के पास नहर में मनोज नामक व्यक्ति का शव पुलिस को मिला था। उन्होंने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि व्यक्ति की मौत नहर में डूबने की वजह से हुई थी। इस मामले में मृतक की पत्नी और परिजन आरोप लगा रहे थे कि घटना वाले दिन मनोज को उसका साढ़ू मन्नू तथा उसके दोस्त बॉबी, मनीष और प्रीतिंदर घर से बुलाकर ले गए थे जिन्होंने उसे शराब में जहर मिलाकर पिला दिया तथा उसकी हत्या करने के बाद शव को नहर में फेंक दिया।

19वीं मंजिल से कूदकर महिला ने की आत्महत्या

नोएडा, (वीअ)। नोएडा के सेक्टर 78 में महागुन मॉडर्न सोसायटी में रहने वाली 62 वर्षीय एक महिला ने बृहसतिवार सुबह 19वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली।सहायक पुलिस आयुक्त विमल कुमार सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के सेक्टर 78 में महागुन मॉडर्न सोसायटी के शियाना टावर में रहने वाली रजनी अग्रवाल (62) ने बृहस्पतिवार सुबह 19वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। सिंह ने बताया कि मृतका के पति अशोक अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि वह कुछ दिनों से बीमार चल रही थी और मानसिक तनाव में थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पैरामेडिकल कर्मियों की भर्ती में धांधली की शिकायत के बाद साक्षात्कार रद्द

नोएडा (वीअ)। गौतमबुद्ध नगर जनपद में एक निजी कंपनी के सहयोग से सेक्टर 39 में बन रहे 400 बिस्तरों वाले कोविड- 19 अस्पताल में पैरा मेडिकल कर्मियों की भर्ती में धांधली की शिकायत मिलने के बाद जिला प्रशासन ने अभी तक हुए साक्षात्कार रद्द कर दिए हैं।जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने बताया, सेक्टर 39 में टाटा कंपनी के सहयोग से बन रहे 400 बिस्तरों वाले कोविड-19 अस्पताल में 243 पदों पर पैरामेडिकल कर्मियों की भर्ती होनी है। उन्होंने बताया, स्वास्थ्य विभाग ने आउटसोर्स कंपनी के माध्यम से भर्ती के लिए रिक्तियां निकली थीं। उक्त कंपनी ने नौकरी का विज्ञापन दिया था, जिसके आधार पर वहां भर्ती के लिए साक्षात्कार चल रहा था। जिलाधिकारी ने बताया, बुधवार को हुए साक्षात्कार में आवेदकों ने आरोप लगाया कि यहां पर नौकरी के लिए सिफारिश चल रही है। उन्होंने कहा कि शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अभी तक हुए सभी साक्षात्कार रद्द कर दिये गए हैं। उन्होंने कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ भर्ती की जाएगी।